## न्यूज फटाफट

सात दिन में सुलझाया बलटोही चोरी का मामला

शाहतलाई। भगतपुर गांव से चोरी हुई तीन बलटोहियों के मामले में तलाई पुलिस ने सात दिन के भीतर चार चोरों को सामान सहित पकड़ लिया है। गत रविवार रात को भगतपुर गांव से तीन पीतल की बलटोहियां चोरी हुई थी। पुलिस ने चोरी के मामले में पहले दो लोगों को पहले गिरफ्तार कर लिया था, जबकि तलाई पुलिस ने शनिवार रात को दो कबाड़ियों को कटी हुई तीन बलटोहियों सहित गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान आशिक्ष खान उर्फ आसिफ निवासी हरिद्वार जनपदउत्तर प्रदेश तथा राजिक सिल्ला बिलासपुर जनपदप्रदेश को लद्दाखी से गिरफ्तार कर लिया। में पुलिस उपमंडलाधिकारी घुमारवीं अनिल ठाकुर ने बताया कि चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

दधोल स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

भराड़ी। ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन ओक दधोल ने रविवार को शिक्षक दिवस पर तीसरा स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में दधोल स्कूल के पूर्व छात्र एवं नागरिक पुरी विश्वविद्यालय के पूर्व उप कुलपति कृष्ण राम चौमन मुख्यअतिथि रहे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी बलवंत कमल ने बताया कि कोरोनाकाल के चलते 2020 में संस्था अपना दूसरा स्थापना दिवस नहीं मना पाया था। संस्था ने स्थापना दिवस पर दधोल स्कूल में बाहरवीं, दसवीं व पांचवीं में प्रथम द्वितीय व तृतीय आए बच्चों को सम्मानित किया। सेवानिवृत अध्यापकों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर दूरदर्शन के पूर्व डायरेक्टर जनरल, दूरदर्शन शिमला, स्थेश रणौत, कश्मीर कमल, दुर्गा दत्त शर्मा, विनोद शर्मा आदि ने भाग लिया।

## महंगाई के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार : सतीश

झंडूता। झंडूता में रविवार को कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश वंदेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठनात्मक गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि महंगाई से जनता का हर वर्ग दुखी है। इस महंगाई के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। आने वाले चुनाव के समय में जनता भाजपा सरकारों को मुंहतोड़ जवाब देगी। बैठक को वैन सिंह, राजेश ठाकुर, शक्रेश महता, विजय ठाकुर, कल्ल वंदेल, निरजंना नड्डा आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षाक्ष डॉक्टर बीरूराम किशोर, कांग्रेस के क्षेत्र कमेटी के सदस्य दलीप सिंह चौमन, प्रदेश कांग्रेस सेक्टर के कम्युनिकेशन के संयुक्त सचिव गुरदास सिंह सुमन, रौना धौरे, इंटक के उपाध्यक्ष वैन सिंह आदि उपस्थित रहे।

बड़ा ग्रां व घोड़ीधबीरी में 7 को नहीं आएगा पानी

बिझड़ी। महासर दखयोड़ा पेयजल योजना के द्वितीय चरण में पाइप लाइनों की रिपेयर के चलते मंगलवार 7 सितंबर को स्कीम के अंतर्गत आने वाली बड़ा ग्रां व घोड़ीधबीरी पंचायतों के विभिन्न गांवों में पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। कनिष्ठ अभियंता बिझड़ी अनिल धीमान ने बताया कि स्कीम के द्वितीय चरण में पाइप लाइनों की रिपेयर के चलते पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपील की है।

शिक्षक दिवस पर बच्चों को बांटे मोबाइल फोन



हमीरपुर। शिक्षक दिवस पर कोरोना के कारण ऑनलाइन शिक्षा की लौ से वंचित 24 गरीब परिवारों के बेहरों पर नई मुस्कान आई है। मोबाइल न होने से 9 परिवारों के 24 बच्चे ऑनलाइन शिक्षा से वंचित रह गई थे। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य पुरस्कार से नवाजे जा चुके जोगिंदर सिंह केंद्रीय मुख्य शिक्षक आदर्श राजकीय प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला मटाणी में 4 स्मार्टफोन अपनी तनाई से स्कूल के बच्चों को दान करते हुए शिक्षक साजन की नई दिल्ली प्रदान की तथा अपने मटाणी पाठशाला के शिक्षकों विनोद कुमार, मुकेश कुमार, संतोष कुमारी, सतूति को एक स्मार्टफोन, मदन लाल बीड़ियें को एक स्मार्टफोन तथा स्वयंसेवी उषा लखनपाल को एक स्मार्ट फोन दान करने के लिए प्रेरित किया।

60 परिवारों ने थामा बीजेपी का दामन

सुजानपुर। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने रविवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पालंपुर नगर पंचायत में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर 60 परिवारों के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। पूर्व मुख्यमंत्री की अगुआई में पक्का पानी के टैंक जिसका गांव की एक लड़की कुमारी आरती द्वारा रिबन काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पंचायत हेरा, कोटर, बहुतरा के परिवार भी कांग्रेस पार्टी को छोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री को हिमाचली टोपी लगाकर के साथ साथ स्मृति चिन्ह देकर समानित किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए 60 परिवारों के लोगों को विधि की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान किया जाएगा।

सेवानिवृत संस्कृत शिक्षकों को किया सम्मानित

नादौन। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला गुरु कहलाता है और हमारे देश भारत में तो गुरु देवताओं से भी पहले पूजित है। राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद खंड नादौन के सभी संस्कृत अध्यापकों ने सेवानिवृत हुए तीन अध्यापकों विजय कुमार शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा और रमेश चंद राठौर को शिक्षक दिवस के महान उपलक्ष्य पर टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्कृत अध्यापक नरेश मजोटिया शास्त्री ने बताया की खंड नादौन के संस्कृत शिक्षक प्रदेश सेवानिवृत होने वाले संस्कृत अध्यापक के लिए समान समारोह का आयोजन करते हैं, लेकिन कोरोनाकाल के चलते कुछ अध्यापक समानित नहीं किए गए थे। अतः अध्यापक दिवस के इस महान पर्व के उपलक्ष्य पर उन्हें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंगस के प्रांगण में समानित किया गया।

भराड़ी क्षेत्र की पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन

भराड़ी। उप तहसील भराड़ी के तहत आने वाली पंचायतों में महिला ग्राम सभा का आयोजन किया गया। गलवाड़ पंचायत में महिला ग्राम सभा की अध्यक्षता वार्ड सदस्य सुनीता देवी ने की। सुनीता देवी ने महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कोरोना वैक्सीन के लगाने के बारे में चर्चा की गई। तहनौली सद्यायक सुमन द्वारा महिलाओं को पंचायत के विकास की दिशा व दशा की भूमिका है, उसके बारे में जानकारी दी।

हिमाचल दस्तक की खबरें पढ़ें अब एक क्लिक पर। अभी लॉगिन करें www.himachaldastak.com
epaper.himachaldastak.com

# कंवर ने दुग्ध उत्पादकों को वितरित की 58 लाख की प्रोत्साहन राशि

## पशुपालन मंत्री बोले, कामधेनु हितकारी मंच निभा रहा अहम भूमिका

● नन्होल में कामधेनु हितकारी मंच ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। बिलासपुर

**पशुपालन** कृषि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री वीरेंद्र कंवर ने रविवार को कामधेनु हितकारी मंच नन्होल के आयोजित कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए। सरासर में 1128 दुग्ध उत्पादकों को लगभग 58 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई।

इसमें 35 दुग्ध उत्पादकों को 20 हजार रुपये से अधिक की राशि 103 दुग्ध उत्पादकों को 10 हजार रुपये से 20 हजार रुपये तक की राशि तथा 990 दुग्ध उत्पादकों को 1 हजार रुपये से 10 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। कंवर ने कहा कि कामधेनु सहकार बीज में सफल उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समाज सेवा में भी एक बेहतरीन कार्य कर रहा है। महिलाओं का कामधेनु संस्था के साथ जुड़ने से वे आर्थिक रूप से सक्षम हुई हैं। कृषि एवं पशुपालन व्यवसाय से जुड़े एवं आर्थिक रूप से पिछड़े किसानों का जीवन स्तर बेहतर करने तथा उनके उत्पाद की उचित कीमत दिलाने तथा उपभोक्ताओं को उचित दाम पर अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करवाने में कामधेनु हितकारी मंच एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 15 अप्रैल, 2012 को प्रदेश सरकार द्वारा कामधेनु संस्था को पशुपालन मौसम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस संस्थान द्वारा प्रतिदिन 30 हजार लीटर दूध क्षमता का मिल्क पाश्चराइजेशन प्लांट व कैटल फीड प्लांट विभिन्न स्थानों पर चार मिल्क कलेक्शन सेंटर, कामधेनु कैफे सहित लगभग 12 करोड़ रुपये के अधोसंरचना स्थापित की जा चुकी है। प्रदेश सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री कृषक कल्याण पालन योजना आरंभ की है। इसके तहत अच्छे नस्ल की बकरी पशुपालकों को प्रदान की जा रही है तथा इस योजना के तहत पशुपालकों को 95 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है। प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष रणधीर शर्मा ने कहा कि मंच कामधेनु संस्था किसानों पशुपालकों तथा उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रही है। कामधेनु संस्था ने 20 साल में उल्लेखनीय प्रगति की है और इसके उत्पादों को इनकी गुणवत्ता के कारण हिमाचल में एक अलग पहचान मिली है।

इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रेम ठाकुर, जिला परिषद सदस्य सत्य देवी ठाकुर, पंचायत विभाग के निदेशक सतपाल महता, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. लाल गोपाल, मंडल अध्यक्ष लेखराज, कामधेनु हितकारी मंच के अध्यक्ष नानक चंद ठाकुर, महासचिव जीतराम, मिल्कफीड के पूर्व निदेशक सुरेंद्र भारती, पूको बैंक के पूर्व निदेशक संतराम आदि उपस्थित रहे।

नन्होल में कामधेनु हितकारी मंच के कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादकों को राशि वितरित करते पशुपालन मंत्री वीरेंद्र कंवर।

# जो खुद न ले सके शिक्षा वह शिक्षक का सम्मान क्या जानें : विनोद

रविंद्र वंदेल। हमीरपुर

**बड़सर** एमआईटी स्कूल परिसर में शिक्षक समान्नान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद वंदेल ने बच्चों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज को सही दिशा देते हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर बड़सर के विभिन्न शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह के आयोजक के दीक्षा बिलासपुर के उपदेश लाल आनंद ने बताया